


यूपीईएस के प्रेसीडेंट डा. सुनील राय पहला प्रेसिडेंट्स कप और वार्षिक स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड्स के विजेता छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए। साभार - यूपीईएस

# मेंटर्स और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- यूपीईएस की ओर से अप्रैल में दो स्पर्धाओं का किया आयोजन
- मैच के समापन पर विजेता टीम को रोलिंग ट्राफी की प्रदान

जागरण संवाददाता, देहरादून : खेल भावना, सामुदायिक जुड़ाव और समग्र विकास के लिए यूपीईएस ने खेलों से जुड़े मेंटर्स और खिलाड़ियों को सम्मानित किया है। यूपीईएस ने अप्रैल में दो प्रमुख स्पर्धाओं का आयोजन किया, जिसमें पहला प्रेसिडेंट्स कप और दूसरा वार्षिक स्पोर्ट्स एक्सीलेंस शामिल हैं।

सम्मान समारोह में हाइड्रोकार्बन एजुकेशन एंड रिसर्च सोसायटी के चेयरमैन डा. शरद मेहरा और यूपीईएस के प्रेसिडेंट डा. सुनील राय सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डा. सुनील राय ने बताया कि यह पहल हमारी उस सोच का विस्तार है जो पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर सीखने को बढ़ावा देती है। प्रेसिडेंट्स कप एक प्रकार से क्लासरूम है, जहां छात्र और शिक्षक आपसी अनुभवों से एक-दूसरे से सीखते हैं। यह सम्मान, सहयोग और सामुदायिक भावना को बढ़ाने की दिशा में एक प्रयास है। यह टूर्नामेंट यूपीईएस की विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं में किए गए निवेश को भी दर्शाता है, जिनमें फ्लडलाइट ग्राउंड, ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस सुविधाएं शामिल हैं, जो साल भर छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती हैं। स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड्स उन छात्र खिलाड़ियों को दिया गया, जिन्होंने नौ महिला और 12 पुरुष खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके स्वजनों के साथ सम्मानित किया गया। क्रिकेट से आर्यन कपूर और वालीबाल से चित्रा शर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के उभरते सितारे राघवी बिष्ट और नंदिनी कश्यप को भी समर्थन दिया।